# अपनी बात

अंक : 529 वर्ष 42

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 30 अप्रैल, 2018

## सीसीएल ने रिकार्ड कोयला प्रेषण और रेक लोडिंग कर बनाया इतिहास

सफलता की नई ऊँचाइयों को छूते हुए सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2017–18 में सर्वाधिक कोयला प्रेषण एवं रेल रेक लोडिंग कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में सीसीएल ने 67.5 मिलियन टन रिकॉर्ड प्रेषण कर 11% की वृद्धि दर्ज की और 115118 रेक लोड किये गए, जो पिछले वर्ष से 371 रेक ज्यादा है। यह भी उल्लेखनीय है कि सीसीएल द्वारा थर्मल पावर प्लांटों को उपरोक्त अवधि के दौरान कोयले आपूर्ति में 9% की वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2017–18 में बिजली तापघरों को 2016–17 के 45.53 एमटी प्रेषण के मुकाबले 49.65 एमटी कोयला प्रेषित किया गया।

विगत वित्तीय वर्ष कम्पनी के लिए स्टॉक लिक्विडेशन, कैपिटल एक्सपेंडिचर, रेल परिवहन संरचना सहित उत्पादन के अन्य सभी बिन्दुओ में, कार्यनिष्पादन सराहनीय रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष (2016–17) सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह के कुशल नेतृत्व में सीसीएल प्रबंधन का विशेष ध्यान आधारभूत संरचना को सुदृढ करने एवं वर्षो से अटकी हुई कई बहुप्रतीक्षित व महत्वाकांक्षी योजनाओं को कार्यान्वित करने पर रहा और प्रबंधन को इस कार्य में सफलता भी प्राप्त हुई। वर्ष 2017–18 में सीसीएल ने चार



सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह कार्मियों को संबोधित करते हुए

रेलवे साईडिंग की स्थापना कर एक मिसाल कायम किया है। बालुमाथ, राजधर, न्यू कुजू और चरही गुड्स शेड को सीसीएल ने पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान उपभोक्ताओं को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए शामिल किया था। वित्तीय वर्ष 2017–18 में कंपनी का पूंजीगत व्यय करीब 1350 करोड़ रुपये रहा है, जो लक्ष्य से दोगुना है। वित्तीय वर्ष 2017–18 में सीसीएल ने 63.4 मिलियन टन कोयला उत्पादन किया।

## सीसीएल के पांच पांडव सम्मानित

विगत 01 अप्रैल को महाप्रबंधक समन्वय की बैठक में सीएमडी सीसीएल श्री गोपाल सिंह ने महाप्रबंधक (बरका–सयाल) श्री पी. चंदा को कोयला उत्पादन में 40% की वृद्धि दर्ज करने ; (महाप्रबंधक (एन के) श्री के. के. मिश्रा और महाप्रबंधक (मगध–आम्रपाली), श्री आर. वी. सिंह को उनके संबंधित क्षेत्रों से कोयला उत्पादन में करीब 21% की वृद्धि हासिल करने के लिए सम्मानित किया। साथ ही महाप्रबंधक (रजरप्पा), श्री आलोक कुमार और महाप्रबंधक (हजारीबाग) श्री एस. के. सिंह को मार्च, 2018 में श्रेष्ठ कोयला उत्पादन हेतु सम्मानित किया गया।



सम्मानित पाँच पांडव (क्षे. महाप्रबंधक) के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं निदेशकगण

श्री सिंह ने इन क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को "पाँच पाण्डव" का नाम दिया और सभी अधिकारियों को उनसे प्रेरणा लेने की सलाह दी।

## 60वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह पुरस्कार सह समापन समारोह



अवार्ड के साथ नि. (तक./संचा.) श्री ए.के. मिश्रा, महानिदेशक, डीजीएमएस, श्री प्रशांत कुमार सरकार एवं अन्य

60वां वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह–सह–पुरस्कार वितरण समारोह 22 अप्रैल को टाटा स्टील के वेस्ट बोकारो के स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन खान सुरक्षा महानिदेशालय रांची कोडरमा क्षेत्र के तत्वाधान में टाटा स्टील की मेजबानी में किया गया। समारोह में दिवंगत श्रमिकों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गई।

समारोह के मुख्य अतिथि महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय, श्री प्रशांत कुमार सरकार सहित उप–महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय (द.पू. जोन) डॉ असीम कुमार सिन्हा, उप–महानिदेशक, खान सुरक्षा महानिदेशालय (सेन्ट्रल जोन) श्री के नागेश्वर राव, निदेशक (तक./संचा.), सीसीएल, श्री ए के मिश्रा तथा वाइस प्रेसिडेंट, टाटा स्टील श्री राजीव सिंघल ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत भाषण महाप्रबंधक (कोल) टाटा स्टील श्री संजय कुमार सिंह ने किया। मुख्य अतिथि, निदेशकगण एवं माननीय अतिथियों के स्टेडियम पहुंचने पर उनका पारंपरिक नागपुरी नृत्य एवं संगीत के साथ स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि ने सुरक्षा ध्वज फहराया। माननीय अतिथियों ने समारोह में दर्शाये सीसीएल, एनटीपीसी, टाटा स्टील तथा अन्य कंपनियों की सुरक्षा संबंधी प्रदर्शनी में सुरक्षा के नवीन तकनीक तथा पर्यावरण संरक्षण का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री प्रशांत सरकार ने माईन्स सुरक्षा को मजबूत करने पर बल दिया और उपस्थित सभी को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सुरक्षा से सम्बंधित चुनौतियो और खान सुरक्षा के क्षेत्र में हो रही विभिन्न गतिविधियों और प्रगति के बारे में उपस्थित सभी को अवगत कराया।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री ए.के. मिश्रा ने सीसीएल में सुरक्षा संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों एवं नयी पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दिये। उन्होंने बल देते हुए कहा कि सीसीएल सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि सहित गणमान्यों ने "सुरक्षा पत्रिका" स्मारिका का विमोचन भी किया।

अवसर विशेष पर सीसीएल के कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु विभिन्न वर्ग में पुरस्कार प्रदान किये गए। सीसीएल को सुरक्षा के विभिन्न मापदंड में पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में सीसीएल के क्षेत्रिय महाप्रबंधक अपने टीम के साथ सम्मिलित हुए। इस अवसर पर वेस्ट बोकारो स्थित डीएवी, होली आदि स्कूलों के बच्चों ने गीत–संगीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में सीसीएल, टाटा स्टील एवं अन्य उपक्रमों के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

## डॉ अंबेडकर की 127वीं जयंती का आयोजन




दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 127वीं जयंती सीसीएल मुख्यालय, रांची सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में मनाई गई।

अवसर विशेष पर मुख्य अतिथि निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (तक./यो.–परि.) श्री ए.के. मिश्रा, एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। श्री महापात्र एवं श्री मिश्रा सहित उपस्थित सभी ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में कोल इंडिया एससी/एसटी इंम्पलाईज एसोशियेसन (सिस्टा) एवं ऑल इंडिया एससी/एसटी/ओबीसी इम्पलाई कोआर्डिनेशन काउंसिल के पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित सीसीएल कर्मी शामिल हुए।

## सीसीएल मुख्यालय में 'पनशाला' का उदघाटन



पनशाला का उदघाटन करते नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीसीएल द्वारा 25 अप्रैल को राजभवन मुख्य गेट के सामने पनशाला अस्थायी रूप में लगाया गया। सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस महापात्र ने 'पनशाला'का उदधाटन कर इसका शुभारंभ किया। मुख्यालय में पदस्थापित कर्मी अपनी स्वेच्छा से प्रतिदिन आमजन को पीने का पानी उपलब्ध करा रहे हैं। प्रतिदिन काफी संख्या में आमजन इस बढ़ती गर्मी में पानी पी रहें हैं।

## "वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क" मनाया गया

28 अप्रैल को सीसीएल मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में "वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क" मनाया गया। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यावसायिक दुर्घटनाओं और बीमारियों की रोकथाम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अन्तर्राष्ट्रीय श्रमसंघ 28 अप्रैल को कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के लिए विश्व स्तर पर इस दिवस को मनाता है।

अपने संबोधन में सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने कहा कि सी.सी.एल परिवार का उद्देश्य "ग्रामीण, गरीबों एवं श्रमिकों का सर्वांगीण विकास" करना है और कंपनी इस दिशा में सतत प्रयासरत और प्रतिबद्ध है। श्री सिंह ने सीसीएल के सभी कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य और फिटनेस पैरामीटर तैयार करने का निर्देश दिया ताकि आने वाले वर्षो में कंपनी और नई ऊंचाईयों हासिल कर सके।




सीएमडी श्री गोपाल सिंह संबोधित करते हुए

निदेशक (तक/संचा.) श्री ए.के. मिश्रा ने सुरक्षा के प्रति उपस्थित सभी को जागरूक करते हुए कहा कि सुरक्षा ऐसा शब्द है जिसकी कोई सीमा नहीं है और यह हम में से प्रत्येक पर लागू होती है। उन्होंने सलाह दी कि कोई भी कार्य सोच विचार कर ही प्रारंभ करें।

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (ज.सं.), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)